# कार्यालय कलेक्टर, जिला सुकमा (छ0ग0)

Emil - dmsukma.cg.@gmail.com, dmsukma.cg@nic.in Office.Phone No. 07864-284001, Fex No. 07864-284002

**//आदेश//**

क्रमांक/ 1466 /क/वित्त-1/न.क्र./49/24-25 सुकमा, दिनांक 05/06/2024

छत्तीसगढ़ वित्तीय संहिता भाग-2 के कंडिका 43 में निहित प्रावधान एवं श्रमायुक्त एवं सक्षम प्राधिकारी,न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, श्रमायुक्त छ0ग0 रायपुर के पत्र क्रंमाक आठ/न्यू.वे./श्र.आ/2024/3305 रायपुर दिनांक 24.05.2024 के द्वारा जारी निर्धारित दरो में की गई वृद्धि के समान, शासकीय विभागों में कार्यरत् आकस्मिक निधि से वेतन पाने वाले विभिन्न श्रेणी के दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों के लिए निम्नानुसार परिवर्तनशील मंहगाई भत्तों को सम्मिलित करते हुये, दैनिक एवं मासिक वेतन दरें संपूर्ण सुकमा जिले के लिए निर्धारित किया जाता है। **ये दरें दिनांक 01.04.2024 से 30.09.2024 तक प्रभावशील होगी** तथा नई दरें लागू होने तक इन्ही दरों पर भुगतान किया जावेगा। अर्द्धकालिन/अंशकालिन कर्मचारियों को वेतन का भुगतान कार्य के घण्टे (चार घण्टा/दो घण्टा) के अनुपात में देय होगा। इस आदेश के तहत् निर्धारित दरें 08 घंटे के आधार पर हैं।

2. निर्धारित दरें श्रमविभाग द्वारा निर्धारित जोन ''स'' हेतु लागू होगा।

3. अधिसूचित न्यूनतम वेतन में परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता भी सम्मिलित हैं। इसलिए दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों एवं कर्मचारियों को अतिरिक्त रूप से परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता की पात्रता नही हैं।

4. यदि विद्यमान वेतन की दरें न्यूनतम वेतन की पुनरीक्षित दरों से अधिक है तो वह किसी भी दशा में कम नही की जावेंगी, किंतु उनका समायोजन भविष्य में होने वाले वृद्धि से किया जावेगा।

5. जो मासिक वेतन निर्धारित किया गया है वह कलैण्डर माह की समाप्ति पर देय होगी, मासिक मजदूरी पर नियुक्त कर्मचारी को सप्ताह के एक दिन का वेतन सहित अवकाश की पात्रता होगी।

6. जिन पदों के लिए मजदूरी अलग से स्वीकृत नही की गई है उसे दैनिक मजदूरी का भुगतान निर्धारित दर से 26 (छब्बीस) से भाग देकर गणना किया जावेगा।

7. यदि किसी संवर्ग में एक दिन का पारिश्रमिक निकाला जाना हो तो मासिक वेतन में 30 (तीस) का भाग देकर निकाला जावेगा।

## अनुसूचीः–''ग''

| क्र | पद श्रेणी | अनुसूची 'ग' के तहत् शासकीय विभागों के लिए | |
|---|---|---|---|
| | | मासिक (मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ता) | दैनिक (मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ता) |
| 1. | **अकुशल श्रमिकः–**<br>वाटरमेन,वाटरमेन कम माली, चौकीदार, चौकीदार कम फर्राश, चौकीदार कम माली, धोबी, खल्लाशी, डाक रनर, हेडमाली, वाटरमेन, रसोईया (मासाहारी/शाकाहारी), वार्डब्वाय, आया, ड्रेसर, नाई, जमादार, स्वीपर, अस्पताल सर्वेट (महाविद्यालय छात्रावास), मोटर तथा फार्मेसी,मेट, व्हेटनरी मैनेजन, मत्स्य विभाग, फिल्ड वर्कर सभी प्रकार के सभी विभागों के लिए फर्राश वेल्डर, आटो चालन, पंप परिचालक, प्लायर चरवाहा, फिशर मेन, मैकेनिक, वन विभाग, भृत्य, चैनमेन सभी विभागों के लिए। | मूल वेतन 7800.00+ मंहगाई भत्ता 2580.00 = कुल वेतन 10380.00 | मूल वेतन 260.00 + मंहगाई भत्ता 86.00= कुल वेतन 346.00 (346) |
| 2. | **अर्द्धकुशल श्रमिकः–**<br>व्हाईट वाशिंग, सफेदीवाला, टाईपेनर्स, मोहर्रिर, सहायक मिस्त्री, लाईनमेन, सहायक बिजली मिस्त्री, सहायक ऑपरेटर, सीनियर फिल्ड वर्कर, सहायक डीलर, सहायक ग्राइंडर, सहायक पेंटर, सहायक इलेक्ट्रशियन, सहायक ब्रोकर, सहायक पेंटर मेकर सहायक टायर फिटर(चालक), स्कूटर आदि हल्के वाहन परिचालक, जांच करने वाला निरीक्षक फायर लिपिक, पंप अटेंन्टेड, व्हीलिटो कैशियर, खानसामा(सर्किट हाउस) फील्ड वर्कस व्हाईट क्लोरिंग मेसरी, मशीनमेन, आयर मेन, हेड मजदूर, वायर मेन, एस्पेलरमेन मशीन, अटेण्डेंड मिलबिल कलेक्टर बिल क्लर्क, मुंशी बुक लिफ्टर(लाइब्रेरी) मेकर, पट्टी मेकर, नमूना सहायक। | मूल वेतन 8450.00 + मंहगाई भत्ता 2580.00 =कुल वेतन 11030.00 | मूल वेतन 281.67 + मंहगाई भत्ता 86.00= कुल वेतन 367.67 (368) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. | **कुशल श्रमिकः–**<br>शिक्षक,प्रशिक्षक (पंचायत विभाग के लिए) खानसामा, ड्रिलिंग मशीन आपरेटर, मेल्सप्लम्बर, पोलिग मेकर, वायरलेस इलेक्ट्रेशियन, कैबिनेट मेकर, चार्ज मेन, केशियर, गोडाउन कीपर, फीटर, सुपरवाईजर मलेरिया, बाईलर अटेंडेट, टर्नर, डीलर, ग्राउंडर, मैकेनिक, आईसकीपर, क्रेसरमेन, राजमिस्त्री, रोलर मिस्त्री, केमरा आपरेटर, गोताखोर पानीवाला, मिस्त्री, कम्पोजिटर, वाटरवर्क्स आपरेटर, उपयंत्री (बिजली), सीनियर गार्ड, फायरमेन, मुख्य लिपिक, पटवारी, ड्रेसर, स्टोरकीपर, टाईमकीपर, कारपेंटर, टेलीफोन/वायरलेस आपरेटर, हल्का वाहन, हेंडपम्प मैकेनिक, बिजली मिस्त्री, मुनीम, लेखापाल, सर्वेयर (डिप्लोमा प्राप्त), दर्जी (मशीन के साथ), पंचायत सचिव, प्लांट अटेन्डेट, मेनर प्रोजेक्टर आपरेटर, फोटो कापी आपरेटर, प्रयोगशाला सहायक, | मूल वेतन 9230.00 + मंहगाई भत्ता 2580.00 = कुल वेतन 11810.00 | मूल वेतन 307.67 + मंहगाई भत्ता 86.00= कुल वेतन 393.67 (394) |
| 4. | **उच्च कुशल श्रेणी :–**<br>कम्प्यूटर ऑपरेटर,स्टेनोग्राफर, कम्प्यूटर ऑपरेटर सह स्टेनोटायपिस्ट, इंजीनियरिंग डिप्लोमाधारी, टेक्नीकल डिप्लोमाधारी, एवं इसके समकक्ष पद, सीनियर बॉयलर ऑपरेटर, सीनियर बॉयलर असिसटेंट (फर्स्ट क्लास), सहा. फोरमेन, सीनियर ऑपरेटर, सीनियर टेक्नीशियन, सीनियर इलेक्ट्रीशियन, सीनियर केमिस्ट, सीनियर वेल्डर, सीनियर फीटर, सीनियर, पंप हाउस ऑपरेटर, सीनियर क्रेन ऑपरेटर, भारी वाहन चालक, इलेक्ट्रॉनिक ड्रिल ऑपरेटर, हेड मिस्त्री, डेस्क इंजीनियर, सेफ्टी इंचार्ज, बिलेट क्रेन ऑपरेटर, मेगनेट क्रेन ऑपरेटर, हाईड्रा ऑपरेटर, सुपरवाईजर, मोल्डर ऑपरेटर, शिफ्ट ऑपरेटर, सी.एस.एफ चेकर, सेल्स निरीक्षक, क्वालिटी निरीक्षक, प्रोडक्शन मेनेजर, अन्य निरीक्षक आदि सभी विभागों के लिए। | मूल वेतन 10010.00+ मंहगाई भत्ता 2580.00 कुल वेतन 12590.00 | मूल वेतन 333.67 + मंहगाई भत्ता 86.00 = कुल वेतन 419.67 (420) |

कलेक्टर,
जिला सुकमा (छ0ग0)

पृ.क्रमांक/ 1440 A /क/वित्त-1/न.क्र./49/24-25 सुकमा, दिनांक 25/06/2024

प्रतिलिपिः-

1. सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग महानदी भवन नया रायपुर।
2. सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग, महानदी भवन रायपुर।
3. सचिव, छ.ग. शासन, राजस्व विभाग रायपुर।
4. महालेखाकार, छ.ग. रायपुर।
5. श्रमायुक्त छ.ग. रायपुर।
6. आयुक्त, भू-अभिलेख छ.ग. रायपुर।
7. आयुक्त, बस्तर/रायपुर/बिलासपुर/सरगुजा संभाग।
8. संचालक कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर।
9. संचालक अ.जा./अ.ज.जा./पि.व.क./पंचायत एवं समाज सेवा रायपुर।
10. पोस्ट आफिस अधीक्षक, जगदलपुर।
11. समस्त कार्यालय प्रमुख ............................................................ सुकमा।
12. प्रबंधक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक/भूमि विकास बैंक/बस्तर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, मार्गदर्शी बैंक/स्टेट बैंक जिला सुकमा।
13. कार्मिक प्रबंधक, माध्यमिक शिक्षा मंडल छ.ग. रायपुर।
14. जिला कोषालय अधिकारी, सुकमा।
15. कार्यपालन यंत्री छ.ग. राज्य विद्युत मंडल कार्य.अभियंता जल संसा./ग्रा.यां सेवा/लो.स्वा. यांत्रिकी /लो.नि.वि.भ/स./लो.नि.वि.रा.रा./ लो.नि.(वि/वि) /यांत्रिकी प्र.मं.ग्रा.स.यो. सुकमा।
16. श्रम पदाधिकारी बस्तर जिला जगदलपुर।
17. प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सुकमा।
18. मुख्य नगर पंचायत, सुकमा।
19. प्रभारी अधिकारी सर्व.................................................शाखा जिला कार्यालय सुकमा।
20. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सुकमा/कोण्टा।
21. सर्व तहसीलदार..........................................................................जिला सुकमा।
22. सर्व मुख्य कार्य.अधि.ज.पं..............................................................जिला सुकमा।
23. सर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी...............................................................जिला सुकमा।
24. सर्व परियोजना अधि.ए.बा.वि.पं...................................................................सुकमा।
25. अध्यक्ष, छ0ग0 लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला सुकमा।
26. अध्यक्ष, छ0ग0 लिपिक वर्गीय शा. कर्म. संघ जिला सुकमा।
27. अध्यक्ष, छ0ग0 शिक्षक संघ जिला शाखा सुकमा।
28. अध्यक्ष, छ0ग0 स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा सुकमा।
29. अध्यक्ष, छ0ग0 अ0जा0/अ0ज0जा0अधि0, कर्म0 संघ जिला शाखा सुकमा।
30. अध्यक्ष, छ0ग0 पटवारी संघ जिला शाखा सुकमा।
31. जिला सूचना विज्ञान (NIC) अधिकारी सुकमा की ओर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

कलेक्टर,

जिला सुकमा (छ0ग0)